निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता- व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवा (सीपीएचसी) और

स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद हेतु राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) के लिए कार्य हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्वः

- शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी) के आयोजन में सहायता करना। विभिन्न हितधारकों के समन्वयन और परामर्श से शहरी क्षेत्र हेतु एचडब्ल्यूसी मॉडल तैयार करना और सुझाव देना।
- संसाधन आवंटन, कार्यक्रम सूचक व लक्ष्यों सहित कार्यनीति और योजना विकास में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना।
- राज्य व यूएलबी हेतु अभिमुखी और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन करना, वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने हेतु संयुक्त कार्रवाई के लिए यूएलबी के साथ समन्वय करना।
- सूचना का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने में सहायता करना और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से उपयुक्त व यथा समय रिपोर्टिंग करना।
- प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देश विकसित करने की प्रक्रिया में योगदान देना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों/अन्य संगठनों के साथ समन्वय करना।
- साक्ष्य आधारित निर्णय लेने में मार्गदर्शन हेतु अनुसंधान अध्ययन/मूल्यांकन/आकलन आयोजित करने में सहायता करना।
- मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव तैयार करने में राज्यों/यूएलबी की सहायता करना।
- शहरी क्षेत्रों के संबंध में प्राथमिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को पर्याप्त मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पीआईपी और अन्य पूरक दिशा-निर्देशों को अद्यतन/विस्तार करना।
- राज्य और यूएलबी के साथ कार्यक्रम की योजना व निगरानी में संयुक्त रूप से एनएचएम के साथ एनयूएचएम के एकीकरण में सहायता करना।
- एचडब्ल्यूसी और सीपीएचसी सेवाओं की समीक्षा हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का आवधिक क्षेत्रीय दौरा करना और इन चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना।
- व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के मूल्यांकन की जिम्मेदारी। अंतिम पीआईपी के संशोधन व प्रस्तुतिकरण हेतु अपेक्षानुसार राज्यों के लिए मानदंडों काअनुपालन सुनिश्चित करने और इनपुट प्रदान करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- अन्य कार्यकरना जो रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर दिए जाएं।

पात्रताः

- एमबीबीएस सहित जन-स्वास्थ्य में मास्टर्स / एमबीबीएस सहित मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से जन-स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से जन स्वास्थ्य

प्रबंधन में एमबीए या समकक्ष डिग्री। स्वास्थ्य नीति, स्वास्थ्य प्रणाली, योजना और अन्य समान पाठयक्रमों में प्रमाण पत्र/कार्यक्रम पाठयक्रम वांछनीय होगा ।

- योग्यता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर बहुविषयक दलों के साथ कार्य करने के अनुभव सहित जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रणाली के क्षेत्र में न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव। संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव को तरजीह दी जाएगी।
- सामान्यतः उपयोग होने वाले पैकेज, एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइंट में उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में दक्षता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषण व अंतर वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी बोलने और लिखने में कौशल। हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु विषय दल परिवेश में कार्य करने हेतु प्रदर्शनात्मक कुशलता।
- समयबद्ध रूप से तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्य और जिलों में दौरे करने की इच्छा और विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करने हेतु क्षमता।

पारिश्रमिक श्रेणीः 90,000 रु. से 1,50,000 रु. प्रतिमाह के बीच

आयुः आवेदन प्राप्त करने की तारीख को ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष है।

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-Dec-2018** तक nuhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।